NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : NCRES/77/76/21 Date : 2.6.2021

श्रीमान प्रधान मुख्य परिचालन प्रबंधक
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज

विषय :– आगरा मण्डल के परिचालन विभाग की लम्बित रिक्यिों को भरने के सम्बन्ध में।
संदर्भ :– NCRES का पत्र संख्या NCRES/77/76/21 दिनांक 8.1.2021

महोदय,

अवगत कराना है कि आगरा मण्डल में गार्ड के 239 पद, शंटिग मास्टर के 15 पद, प्वाइन्ट्स मैन के 124 पद, स्टेशन मास्टर के 32 पद, टी.एन.सी. के 11 पद, कन्ट्रोलर के 3 पद, सीनि. सी.सी.टी.सी. ग्रेड पे – 2800/– के 58 पद और सी.सी.टी.सी. ग्रेड पे – 2000/– के 60 पद लम्बे समय से रिक्त चल रहे है जिसके कारण कर्मचारियों पर अतिरिक्त कार्य का बोझ निरन्तर बढ़ता जा रहा है व कार्य करने में अत्यधिक कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

खेद के साथ अवगत कराना पड़ रहा है कि आगरा मण्डल के बार–बार प्रयास के बावजूद रिक्तियां नही भरी गई जिससे कर्मचारियों को विश्राम व अवकाश आदि न मिल पाने के कारण कर्मचारियों में तनाव व रोष व्याप्त है, इसी कारण NCRES ने अपने पत्र दिनांक 8.1.2021 द्वारा रिक्तियों को भरने का अनुरोध किया लेकिन 4–5 माह बीतने के बावजूद अभी तक न तो रिक्तियाँ भरी गई और न ही इस ओर कोई ठोस कदम ही उठाया गया जिससे कर्मचारियों में दिनो–दिन असंतोष बढ़ता जा रहा है।

अत: NCRES का अनुरोध है कि रिक्तियों को शीघ्र भरने हेतु निर्देशित करने का कष्ट करें जिससे कर्मचारियों को विश्राम व अवकाश आदि की सुविधा मुहैया हो सके व बढ़ते असंतोष को दूर किया जा सके।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री

प्रतिलिपि : प्रधान मुख्य कार्मिक अधिकारी, नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, प्रयागराज